**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *233**

**16 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## एकीकृत वस्त्र पार्कों का विकास

***233. श्री राजीव राय:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान देश में वस्त्र उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से एकीकृत वस्त्र पार्कों के विकास के लिए उठाए गए कदमों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) कोविड-19 महामारी के बाद उत्तर प्रदेश विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य के मऊ और बलिया जिलों में ऐसे कितने पार्क स्थापित किए गए हैं;

(ग) इन पार्कों में, विशेषकर इन दो जिलों में कितने लोगों को रोजगार मिला है; और

(घ) सरकार द्वारा देश में वस्त्र उत्पादों के उत्पादन में वृद्धि करने और रोजगार के परिदृश्य में सुधार लाने के लिए जिन अन्य पहलों पर विचार किया जा रहा है उनका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्री**

**(श्री गिरिराज सिंह)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**श्री राजीव राय द्वारा 'एकीकृत वस्त्र पार्कों का विकास' के संबंध में दिनांक 16.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *233 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क) से (घ):** वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत व्यापक और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना की सुविधा को विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश (लखनऊ) में एक पार्क सहित 7 साइटों अर्थात् तमिलनाडु (विरूद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है। एक बार पार्कों के पूरा होने के बाद, यह आशा की जाती है कि प्रत्येक पीएम मित्र पार्क स्पिनिंग, वीविंग, प्रसंस्करण, मुद्रण, अपैरल और सहायक उपकरण निर्माण सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला की सभी श्रेणियों में लगभग 3 लाख (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित करेगा।

इसके अलावा, मंत्रालय देश भर में वस्त्र केंद्रों में विश्व स्तरीय, अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ वस्त्र पार्क स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) भी कार्यान्वित कर रहा है। यह योजना 31.03.2021 तक कार्यान्वित थी, तथापि, इस योजना को अब केवल चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वस्त्र क्लस्टर विकास योजना (टीसीडीएस) की व्यापक योजना के तहत शामिल किया गया है। उक्त योजना के तहत, 32 पार्क पूरे हो चुके हैं और 18 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अब तक, इस योजना के तहत, 1.24 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजित हुए हैं। एसआईटीपी पार्कों की राज्यवार सूची **अनुबंध** के रूप में संलग्न की गई है।

इसके अलावा, सरकार एमएमएफ अपैरल, एमएमएफ फैब्रिक और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना भी लागू कर रही है ताकि वस्त्र उद्योग का विस्तार किया जा सके और प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाया जा सके। अभी तक, वस्त्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 91 कंपनियों का चयन किया गया है।

उपरोक्त के अलावा, सरकार वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने और रोजगार सृजित करने के लिए एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडी), राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम), वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए 'समर्थ' योजना, एटीयूएफएस, सिल्क समग्र-2, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) आदि विभिन्न अन्य योजनाओं/पहलों को भी लागू कर रही है।

**<u>अनुबंध</u>**

## रोजगार की संख्या सहित पूर्ण हो चुके और कार्यान्वयनाधीन पार्कों की राज्य-वार सूची

| क्र.सं. | पार्क का नाम | राज्य | परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | भारत सरकार द्वारा जारी किया गया हिस्सा (करोड़ रुपए में) | रोजगार सृजन (संख्या में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 134.42 | 40.00 | 19,000 | पूर्ण |
| 2 | गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 128.75 | 40.00 | 10,370 | पूर्ण |
| 3 | मुंद्रा सेज टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | गुजरात | 103.53 | 40.00 | 810 | पूर्ण |
| 4 | फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 105.63 | 40.00 | 1,850 | पूर्ण |
| 5 | व्रज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, अहमदाबाद | गुजरात | 105.4 | 40.00 | 4,350 | पूर्ण |
| 6 | सयाना टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 90.00 | 36.00 | 1,420 | पूर्ण |
| 7 | सूरत सुपर यार्न पार्क लिमिटेड, सूरत | गुजरात | 104.76 | 40.00 | 0 | पूर्ण |
| 8 | आरजेडी इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 106.5 | 40.00 | 7,220 | पूर्ण |
| 9 | अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड. | गुजरात | 103.4 | 40.00 | 1,360 | पूर्ण |
| 10 | हिमाचल टेक्सटाइल पार्क | हिमाचल | 96.9 | 34.88 | 1,456 | पूर्ण |
| 11 | डोड्डाबलापुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | कर्नाटक | 80.25 | 32.01 | 550 | पूर्ण |
| 12 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 100.80 | 40.00 | 2,024 | पूर्ण |
| 13 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 108.52 | 40.00 | 3,000 | पूर्ण |
| 14 | दीसन इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड. | महाराष्ट्र | 103.12 | 40.00 | 1,700 | पूर्ण |
| 15 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड. | महाराष्ट्र | 102.39 | 40.00 | 1,645 | पूर्ण |
| 16 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 102.61 | 40.00 | 0 | पूर्ण |
| 17 | असमीता इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | 277.69 | 40.00 | 17,300 | पूर्ण |
| 18 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | महाराष्ट्र | 58.19 | 20.95 | 8,525 | पूर्ण |
| 19 | हिंगणघाट टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 108.38 | 40.00 | 1,022 | पूर्ण |
| 20 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क | महाराष्ट्र | 107.29 | 22.03 | 1,108 | पूर्ण |
| 21 | लोटस इंटीग्रेटेड टेक्स पार्क | पंजाब | 108.52 | 40.00 | 1,500 | पूर्ण |
| 22 | रिदम टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 91.40 | 36.00 | 1,875 | पूर्ण |
| 23 | लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | पंजाब | 116.19 | 36.00 | 2,790 | पूर्ण |
| 24 | नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पाली | राजस्थान | 101.40 | 40.00 | 4,910 | पूर्ण |
| 25 | किशनगढ़ हाई-टेक टेक्सटाइल वीविंग पार्क लिमिटेड | राजस्थान | 110.58 | 36.00 | 812 | पूर्ण |
| 26 | जयपुर इंटीग्रेटेड टेक्सक्राफ्ट पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | 60.15 | 24.06 | 500 | पूर्ण |
| 27 | पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क, पल्लदम | तमिलनाडु | 55.42 | 22.17 | 2,650 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | कोमारपालयम हाई-टेक वीविंग पार्क | तमिलनाडु | 31.33 | 12.54 | 853 | पूर्ण |
| 29 | करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, करूर पार्क | तमिलनाडु | 116.1 | 40.00 | 5,000 | पूर्ण |
| 30 | मदुरै इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड | तमिलनाडु | 87.30 | 31.43 | 2,551 | पूर्ण |
| 31 | पोचमपल्ली हैंडलूम पार्क लिमिटेड | तेलंगाना | 34.00 | 13.60 | 350 | पूर्ण |
| 32 | व्हाइट गोल्ड टेक्सटाइल पार्क | तेलंगाना | 90.24 | 32.48 | 675 | पूर्ण |
| 33 | हिन्दुपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | 102.27 | 24.00 | 500 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 34 | तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क | आंध्र प्रदेश | 103.44 | 20.00 | 480 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 35 | गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर | आंध्र प्रदेश | 105.12 | 30.00 | 721 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 36 | प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क, दरांग | असम | 47.25 | 20.00 | 0 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 37 | केजरीवाल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 105.79 | 36.00 | 2,837 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 38 | पलसाना आईटीपी पार्क, सूरत | गुजरात | 103.36 | 30.00 | 569 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 39 | इच्छापोर टेक्सटाइल पार्क, सूरत | गुजरात | 104.65 | 20.00 | 47 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 40 | करंज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 104.95 | 20.00 | 839 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 41 | शाहलोन टेक्सटाइल पार्क | गुजरात | 103.93 | 10.00 | 110 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 42 | जम्मू-कश्मीर टेक्सटाइल पार्क, कठुआ | जम्मू और कश्मीर | 44.11 | 35.73 | 45 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 43 | कलप्पना अवाडे टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 76.31 | 27.47 | 2,923 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 44 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.49 | 39.00 | 2,239 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 45 | श्री गणेश टेक्सटाइल पार्क | महाराष्ट्र | 104.03 | 15.00 | 35 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 46 | पेरारिग्नर अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क | तमिलनाडु | 82.56 | 19.81 | 812 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 47 | पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क | तमिलनाडु | 106.58 | 10.00 | 905 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 48 | द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल | तमिलनाडु | 104.29 | 12.00 | 170 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 49 | ईआईजीएमईएफ अपैरल पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | 107.55 | 31.61 | 0 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 50 | पश्चिम बंगाल होजरी टेक्सटाइल पार्क, हावड़ा | पश्चिम बंगाल | 70.14 | 25.25 | 1,970 | क्रियान्वयन के अधीन |
| | | | | 1,536.02 | 1,24,378 | |

****